# मीरजापुर पुलिस

**—प्रेस नोट—**

दिनांकः 28.06.2025

## थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा 12 गुमशुदा मोबाइल (कीमत करीब दो लाख रूपये) को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द-

जनपद मीरजापुर में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामदगी के क्रम में "सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के दृष्टिगत व अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के संरक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात एवं सीसीटीएनएस थाना कोतवाली देहात टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल धारकों के गुमशुदा मोबाइलों की शिकायतें सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइनदर्ज की गयी थी तथा गुमशुदा मोबाइलों के प्रार्थना पत्रों/सीईआईआर पोर्टल के आधार पर सीसीटीएनएस थाना कोतवाली देहात, मीरजापुर पुलिस टीम द्वारा जून माह में भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्र से पीड़ितों के गुमशुदा 12 मोबाइल फोन को उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभिन्न जिलों से बरामद किया गया । बरामद मोबाईल फोन में मुख्यतः सैमसंग, वीवो, रेडमी, ओप्पो व रियलमी कम्पनी की मोबाइल फोन है, जिनका बाजार मूल्य लगभग 2 लाख रुपये है । बरामद मोबाइल को क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक संदीप कुमार राय थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर द्वारा सम्बन्धित मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया । अपना खोया मोबाइल पाकर सभी मोबाइल फोन धारक काफी सन्तुष्ट व खुश दिखे।

***बरामदगी करने वाली पुलिस टीम- ***

1. अपराध निरीक्षक संदीप कुमार राय, थाना कोतवाली देहात, जनपद मीरजापुर ।
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद रियाज थाना कोतवाली देहात मीरजापुर ।
3. मुख्य आरक्षी आशीष यादव थाना कोतवाली देहात, मीरजापुर।
4. का0 अनु आनन्द थाना कोतवाली देहात, जनपद मीरजापुर ।
5. का0 शैलेन्द्र कुमार थाना कोतवाली देहात, जनपद मीरजापुर ।

➡मोबाइल फोन गायब होने की दशा में थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराने के उपरान्त CEIR पोर्टल पर शिकायत करें। साइबर अपराध के प्रति जागरुकता ही बचाव है। साइबर अपराध के शिकार होने के तत्काल 1930 पर आनलाइन शिकायत करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत पंजीकृत करें या अपने नजदीकी थाने की साइबर हेल्पडेस्क पर पहुँच कर लिखित शिकायत करें ।


समाधान
PUMA